राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस श्री मुकेशकुमार रसिकभाई शाह को शपथ दिलायी

पटना, 12 अगस्त 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने आज राजभवन में पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस श्री मुकेशकुमार रसिकभाई शाह को पद की शपथ दिलायी।

राजभवन के दरबार हॉल में पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित शपथ–ग्रहण–समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री हारूण रशीद, बिहार विधान परिषद् में नेता, प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनन्दन प्रसाद वर्मा, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, कला एवं संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर, पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशगण, लोकायुक्त, महाधिवक्ता, जन–प्रतिनिधिगण, राज्य के विभिन्न आयोगों, समितियों, निकायों एवं संगठनों आदि के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य एवं पदाधिकारीगण तथा राज्य सरकार के विभिन्न वरीय पदाधिकारीगण सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

....